## बैठक दिनांक 16.12.2021

आज दिनांक 16.12.2021 को 2:30 PM बजे से IQAC की बैठक IQAC कक्ष में हुई जिसमें निम्नलिखित शिक्षक/सदस्य उपस्थित रहे—

कार्यसूची

1. IQAC की पूर्व बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा।
2. AQAR 2020–21 भेजने के संबंध में।
3. नये भवन में wifi Connectivity के संबंध में।
4. ISR के अंतर्गत ग्राम के चयन के संबंध में।
5. अन्यान्य

1. डॉ० बीरेन्द्र कुमार चौधरी, अध्यक्ष — B.K. Chy 16.12.21
2. डॉ० देवेन्द्र चौधरी — [signature] 16/12/21
3. प्रो० राजेश कुमार रंजन — [signature] 16.12.21
4. डॉ० स्वीटी कुमारी — [signature] 16.12.21
5. प्रो० हरि नारायण — [signature] 16.12.21
6. डॉ० सुनील कु० मिश्र — [signature] 16.12.2021
7. डॉ० बिन्ध्याचल साह — [signature] 16.12.2021
8. डॉ० उल्लास टी — [signature] 16/12/21
9. प्रो० विकास कु० पटेल — Vikas 16.12.2021
10. प्रो० रोहित प्रकाश
11. प्रो० मो० तैयब — [signature] 16/12/21
12. डॉ० रामदेव महतो, एलुमनी — रामदेव महतो 16.12.21
13. मिथिला मिल्क यूनियन — [signature] 16/12/21
14. श्री एस० एन० ठाकुर
15. श्री राम प्रकाश प्रसाद
16. श्री गोपाल प्रसाद भगत — [signature] 16/12/21
17. श्री संजीव कुमार — [signature] 16.12.21
18. श्री पांडव कुमार ठाकुर — Pandav 16/12/2021

कार्यवृत्त (minutes)

IQAC समन्वयक प्रो० हरि नारायण ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की शुरुआत की। उन्होंने आगामी नैक मूल्यांकन हेतु विभिन्न क्राइटेरिया

(2)

पर चर्चा की तथा इससे संबंधित आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

इसके पश्चात अध्यक्ष सह प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों और कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैक मूल्यांकन हेतु आवंटित कार्यों को युद्ध स्तर पर करते हुए ससमय पूरा करें। उन्होंने विभिन्न बिन्दुओं पर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डा० देवेन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में लैब और लाइब्रेरी के updation पर विशेष जोर दिया।

मिथिला मिल्क यूनियन के प्रतिनिधि ने Quality Management पर अपने विचार रखे और महाविद्यालय में सुधा पार्लर आउटलेट खोलने का सुझाव दिया।

नैक समन्वयक डा० सुनील कुमार मिश्र ने छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन और उनकी mentoring के प्रारूप को प्रस्तुत किया।

अन्य सभी सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये तथा इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये—

1. AQAR 2020-21 को भरने की प्रक्रिया चल रही है और इसे शीघ्र ही NAAC को भेज दिया जायेगा।
2. पूर्व की बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गई।
3. सभी सदस्यों ने एकमत से कहा कि Lab, Library, ICT सुविधाओं, सेमिनार हाल और Smart class का updation और Augmentation अत्यंत आवश्यक है और इसे अति शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए।
4. सभी सदस्यों ने सुझाव दिया कि जिन विषयों के विभाग नहीं हैं, उन विषयों के विभागों का निर्माण महाविद्यालय कोष से किया जाय क्योंकि यह शैक्षणिक गुणवत्ता को सुनिश्चित करने और NAAC मूल्यांकन दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

5. अध्यक्ष महोदय द्वारा Institutional Social Responsibility के अंतर्गत बारिसनगर प्रखण्ड के नागरबस्ती ग्राम को गोद लेने का सुझाव दिया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी।

6. शिक्षकों द्वारा यह प्रकाश में लाया गया कि महाविद्यालय कार्यालय द्वारा छात्रों की उपस्थिति पंजी उन्हें ससमय नहीं उपलब्ध कराई जा रही है या बिना छात्र के नाम के उपलब्ध कराई जा रही है और RB, MB, NRB के छात्रों की उपस्थिति पंजी नहीं उपलब्ध कराई जा रही है। अध्यक्ष महोदय से यह अनुरोध किया गया कि वे संबंधित कर्मियों को निर्देशित करें कि सभी विषयों की उपस्थिति पंजी छात्रों के नाम सहित ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय जिससे कि शिक्षक उसे पूरी तरह तैयार करके संधारित कर सकें और NAAC मूल्यांकन के समय प्रस्तुत कर सकें।

7. NAAC मूल्यांकन हेतु SSR भरने में सभी नामांकित छात्रों का मोबाइल नं० और email ID सहित database NAAC को भेजना होता है। इसका format पहले ही सभी संबंधित कर्मियों को दिया जा चुका है। यह database अतिशीघ्र तैयार किया जाय।

8. NAAC मूल्यांकन से संबंधित कार्यों का आवंटन करते हुए विभिन्न Cells का गठन किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि तत्काल कार्य प्रारंभ कर दें और पाक्षिक बैठक आयोजित करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार करें।

9. मिथिला मिल्क यूनियन के प्रतिनिधि ने छात्रों के स्वास्थ्य संवर्धन के दृष्टिकोण से महाविद्यालय में सुधा मिल्क पार्लर खोलने का सुझाव दिया जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

10. महाविद्यालय के नये भवन में Proper Wifi Connectivity नहीं है। Bihar Free wifi Scheme के अंतर्गत Connectivity का विस्तार करने के लिये कई बार बेलट्रान को पत्र भेजा गया लेकिन बेलट्रान ने इस संबंध में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। अतः निर्णय लिया गया कि इसके

लिए महाविद्यालय स्तर पर किसी इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनी की सेवाएँ ली जाँय क्योंकि नये भवन में wifi connectivity अत्यंत आवश्यक है।

11. शिक्षकों द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय से T.R. प्राप्त होने के उपरांत महाविद्यालय कार्यालय द्वारा फेल/ड्राप आउट छात्रों की सूची प्रत्येक विषय के शिक्षक को उपलब्ध कराया जाय जिससे कि संबंधित शिक्षक अगले वर्ष की उपस्थिति पंजी से उन छात्रों का नाम हटा सकें।

12. महाविद्यालय के छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन (C.I.E.) की व्यवस्था इसी सत्र से सुनिश्चित की जाय।

अंत में नैक समन्वयक ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया और अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त हुई।

(हस्ताक्षर) 16.12.21
IQAC समन्वयक

B.K. (हस्ताक्षर)
अध्यक्ष 16.12.21

# बैठक दिनांक 10.09.2022

आज दिनांक 10.09.2022 को IQAC की बैठक 02:00 बजे अपराह्न से IQAC कक्ष में हुई, जिसमें निम्नलिखित शिक्षक/सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यसूची

1. आगामी NAAC पुनर्मूल्यांकन हेतु तैयारियों की समीक्षा
2. IIQA, SSR व संबंधित Templates को तैयार करने हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन.
3. AQAR 2021-22 भेजने के संबंध में।

1. डॉ० बीरेन्द्र कुमार चौधरी — B.K. [signature] 10.9.22
2. डॉ० देवेन्द्र चौधरी — [signature] 10/9/22
3. डॉ० शशिभूषण कुमार शशि — [signature]
4. प्रो० राजेश कुमार रंजन — [signature]
5. प्रो० हरि नारायण — 10.9.22
6. डॉ० सुनील कुमार मिश्र — [signature] 10.09.2022
7. प्रो० विकास कुमार पटेल
8. प्रो० रोहित प्रकाश — [signature] 10/09/22
9. डॉ० स्नेहलता कुमारी — [signature] 10/09/22
10. प्रो० शबनम कुमारी — [signature] 10/09/22
11. डॉ० मो० तैयब — [signature] 10/09/22
12. डॉ० आर० के० मौर्य — RKM 10/09/22
13. डॉ० दीप नारायण — [signature] 10/9/2022
14. प्रो० ज्योति प्रसाद
15. डॉ० रामदेव महतो, एलुमनी — रामदेव महतो
16. सुरेश सिंह — सुरेश सिंह
17. ~~शबनम~~ गोपाल भगत — गोपाल प्रसाद भगत
18. संजीव कुमार —
19. पाण्डव कुमार ठाकुर — Pandav Kumar

IQAC समन्वयक प्रो० हरि नारायण ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये बैठक की शुरुआत की। उन्होंने आगामी NAAC पुनर्मूल्यांकन हेतु IIQA और SSR के Templates का सभी सदस्यों के सामने presentation किया। अध्यक्ष सह प्रधानाचार्य डा० बीरेन्द्र कुमार चौधरी ने NAAC मैनुअल का अध्ययन करते

हुये SSR की तैयारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस हेतु हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया। अन्य सदस्यों ने भी नैक मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुये विभाग, लैब, लाइब्रेरी, wifi आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये।

इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये —

1. पूर्व की बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गयी।
2. जिन विषयों के विभाग नहीं हैं, अतिशीघ्र इन सभी विभागों का निर्माण शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर किया जाय।
3. स्नातक स्तर के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम के अनुरूप और छात्रोपयोगी नवीनतम संस्करण की Text Books को खरीदने का निर्णय लिया गया।
4. SSR के Templates को तैयार करने के लिये निम्नलिखित Panel का गठन किया गया।

   (i) Prof. Hari Narayan, Dr. Ullas T } IIQA, NEP, Summary, Profile, Extended Profile.

   (ii) Dr. Sunil Kumar Mishra } Criteria 1 to 4. (QLM and QnM).

   (iii) Prof. Vikas Kumar Patel } Criteria 5 to 7. (QLM and QnM).

5. कैरियर काउंसलिंग, पैरेन्ट-टीचर मीटिंग और एलुमनी मीटिंग से संबंधित activity कराने पर जोर दिया गया।
6. सेमिनार हाल और लाइब्रेरी में रीडिंग रूम की व्यवस्था अतिशीघ्र करने का निर्णय लिया गया।
7. AQAR 2021-22 भेजने पर विचार-विमर्श किया गया।

[signature] 10.09.22
समन्वयक

B.K. Chy 10.9.22
अध्यक्ष